
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर, शुक्रवार , 27 मार्च 2026
वर्ष 14, अंक 335, पृष्ट 04, मूल्यः 01 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

होटल-रेस्टोरेंट बिल में एलपीजी चार्ज लगाने पर सख्त कार्रवाईः सीसीपीए ने जारी की चेतावनी..03

श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में गंभीर गैस संकट, क्षेत्रवासियों ने विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया..04

## कृषि GDP 6.95 लाख करोड़ पहुंचाने का लक्ष्य, किसानों के सशक्तिकरण की दिशा में योगी सरकार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




उत्तर प्रदेश की राजनीति और विकास यात्रा में कृषि हमेशा से केंद्रीय विषय रही है. लेकिन यह भी उतना ही सच है कि लंबे समय तक अन्नदाता केवल घोषणाओं और वादों के बीच ही सिमटा रहा. ऐसे परिदृश्य में नव निर्माण के 9 वर्ष और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की कृषि व्यवस्था में आए बदलावों को एक व्यापक संदर्भ में देखना जरूरी है. आंकड़े संकेत देते हैं कि वर्ष 2017 के बाद यूपी में कृषि को केवल उत्पादन तक सीमित न रखकर, उसे समग्र आर्थिक गतिविधि के रूप में विकसित करने का प्रयास हुआ है. बीज से बाजार तक की अवधारणा के तहत किसान को नीति के केंद्र में लाने का दावा किया गया है . यह बदलाव केवल नीतिगत भाषा का नहीं, बल्कि प्रशासनिक प्राथमिकताओं का भी प्रतीक है.

**देश का फूड बास्केट**

यदि कृषि अर्थव्यवस्था की बात करें, तो राज्य का कृषि जीडीपी ?2.96 लाख करोड़ से बढ़कर ?6.95 लाख करोड़ तक पहुंचना इस परिवर्तन की दिशा को दर्शाता है. देश के खाद्यान्न उत्पादन में 21 प्रतिशत योगदान और उत्पादन में 32 प्रतिशत की वृद्धि यह स्थापित करती है कि उत्तर प्रदेश ने अपनी कृषि क्षमता का प्रभावी उपयोग किया है. यही कारण है कि आज राज्य को देश के फूड बास्केट के रूप में देखा जाने लगा है. नव निर्माण के इन 9 सालों में सबसे बड़ा हस्तक्षेप किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के रूप में सामने आया है. 86 लाख से अधिक किसानों की ऋण माफी ने उन्हें तत्काल राहत दी, वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 3.12 करोड़ किसानों को ?99,000 करोड़ से अधिक की सहायता ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा दी . इसके साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड और फसल बीमा जैसी योजनाओं ने जोखिम प्रबंधन को भी मजबूत किया है.

**गन्ना क्षेत्र में भी सुधार**

योगी आदित्यनाथ सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में गन्ना क्षेत्र में सुधार को भी गिना जा सकता है. जहां पहले भुगतान में देरी और बकाया एक स्थायी समस्या थी, वहीं अब ?3.12 लाख करोड़ से अधिक का रिकॉर्ड भुगतान इस क्षेत्र में विश्वास बहाली का संकेत देता है . एथेनॉल उत्पादन में प्रदेश का अग्रणी बनना यह दर्शाता है कि कृषि को उद्योग से जोड़ने की दिशा में ठोस प्रयास हुए हैं. हालांकि, यह भी आवश्यक है कि गन्ना पर अत्यधिक निर्भरता से बचते हुए अन्य फसलों को भी समान महत्व दिया जाए. सिंचाई के क्षेत्र में हुए विस्तार को भी नव निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी माना जा सकता है. सिंचाई क्षमता का 82 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 105 लाख हेक्टेयर तक पहुंचना, 1300 से अधिक परियोजनाओं का पूरा होना और सोलर पंपों की स्थापना यह दर्शाती है कि जल प्रबंधन को प्राथमिकता दी गई है . बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में इसका प्रभाव विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहां पानी की कमी लंबे समय से कृषि के लिए सबसे बड़ी बाधा रही है.

**कृषि को आधुनिक बनाने का प्रयास**

तकनीकी बदलाव भी इस अवधि की एक प्रमुख विशेषता रहे हैं. ड्रोन तकनीक, ई-मंडी और किसान प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कृषि को आधुनिक बनाने की दिशा में प्रयास हुए हैं. 15 लाख से अधिक किसानों का प्रशिक्षण और डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ाव यह दर्शाता है कि खेती अब पारंपरिक सीमाओं से बाहर निकल रही है . लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि छोटे और सीमांत किसानों तक इन तकनीकों की पहुंच सुनिश्चित करना अभी भी एक चुनौती है. पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और उद्यानिकी के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश ने अपनी अग्रणी स्थिति को बनाए रखा है. यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विविधीकरण का संकेत है, जो किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है. नव निर्माण के 9 वर्षों में यह स्पष्ट है कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने कृषि को प्राथमिकता दी है और कई मोर्चों पर सुधार किए हैं. नव निर्माण के ये 9 वर्ष एक मजबूत आधार अवश्य तैयार करते हैं, लेकिन अब अगली चुनौती इस आधार को स्थायी समृद्धि में बदलने की है. यही उत्तर प्रदेश की कृषि नीति की असली कसौटी होगी.

## 25 महीने में 9 छात्रों ने दे दी जान... कानपुर IIT कैंपस के हॉस्टल में लगेंगे खास पंखे, आत्महत्या पर लगेगी लगाम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




आईआईटी कानपुर में बढ़ती आत्महत्यों की घटना को रोकने के लिए एक बड़ी पहल की है. पिछले 25 महीने में 9 आत्महत्याओं के मामले सामने आने के बाद आईआईटी कानपुर सवालों के घेरे में है. इन घटनाओं में जान गवाने वाले आईआईटी कैंपस में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं की मानसिक स्थित बेहद चिंताजनक और दुखद रही है. सुसाइड के केस को रोकने और कम करने के लिए हास्टल में स्प्रिंग लोडेड पंखे लगाने का निर्णय लिया गया है. देश के होनहार छात्र-छात्राओं के मानसिक दबाव और सुसाइड की घटनाएं पूरे शिक्षा तंत्र पर सवाल खड़ी करती हैं. पूरे मामले में आईआईटी कानपुर की माने तो अत्यधिक पढ़ाई का दबाव और तनाव की वजह से छात्रों ने सुसाइड किया है. फिलहाल आईटी कानपुर में ज्यादातर आत्महत्या हॉस्टल के पंखों में लटक कर हुई हैं, जिसके बाद आईआईटी कानपुर अब अपने कैंपस में स्प्रिंग लोडेड पंखे लगाए जाएंगे. आईटी कानपुर के विशेषज्ञ का मानना है कि इस स्प्रिंग लोडेड पंखे से फंदा लगाकर की जाने वाली सुसाइड के मामलों को पूरी तरीके से रोका जा सकेगा.

**एक्सपर्ट ने क्या कहा?**

आईटी कानपुर के अधिकारी अब छात्रावास में लगे सामान्य पंखों की जगह स्प्रिंग लोडेड पंखे लगाने की तैयारी कर रहे हैं. विशेषज्ञों का मानना है कि इन पंखों के लग जाने के बाद अधिक भार से स्प्रिंग के कारण यह पंखे नीचे झुक जाएंगे जिससे ऐसी घटनाओं को रोका जा सकेगा. वहीं छात्राओं को आईआईटी की ओर से मानसिक काउंसलिंग के लिए 'योर दोस्त' नाम की ऑनलाइन काउंसलिंग की सुविधा शुरू की गई है. इसके साथ ही, इमोशनल वेलनेस प्लेटफार्म के साथ छात्र-छात्राएं साझेदारी करेंगी. ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से 24 घंटे छात्र, शिक्षक और कर्मचारी कभी भी फोन पर ऑनलाइन माध्यम से अपनी समस्या का परामर्श ले सकेंगे. आईटी कानपुर में हुई 9 आत्महत्याओं के पीछे संस्थान प्रशासन ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य व सुरक्षा के दृष्टिगत यह महत्वपूर्ण कदम उठाने की बात कही है. संस्थान का कहना है कि आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए छात्र-छात्राओं पर बराबर ध्यान दिया जा रहा है. संस्थान में अधिकतर आत्महत्या के मामले में सामने आया कि पंखे के कुंडे से फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त की गई.

**हॉस्टल में लगेंगे स्प्रिंग लोडेड फैन**

वहीं, आईआईटी कानपुर में काउंसलिंग सेवाओं के साथ ही सेंटर फॉर मेंटल हेल्थ और वेल बीइंग की स्थापना कर दी गई है. इसमें 10 मनोवैज्ञानिक एक मनोचिकित्सक और तीन विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद हैं, जो जरूरत पड़ने पर छात्रों को तत्काल हेल्प करेंगे. सेंटर फॉर मेंटल हेल्थ और वेल बीइंग के हेड एडमिन प्रोफेसर सुधांशु शेखर ने बताया कि संस्थान के छात्र-छात्राओं को मानसिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयास किया जा रहे हैं. आत्महत्याओं के पीछे के कारणों को गहन जांच की जा रही है. इसके साथ ही पिछले दो सालों में हुई आत्महत्याओं की रीडिंग में निकले निष्कर्ष के चलते ही स्प्रिंग लोडेड पंखे लगाने का निर्णय लिया गया है.19 दिसंबर 2023 कोपल्लवी चिल्का शोध स्कॉलर उड़ीसा कटक की रहने वाली 35 वर्षीय छात्रा न पंखे से लटककर जान दे दी थी. वहीं 18 जनवरी 2024 को झारखंड की रहने वाली प्रियंका जायसवाल की पंखे से लटकती हुई लाश मिली थी, वो आईआईटी में पीएचडी करने आई थी. 10 अक्टूबर 2024 को प्रगति खारिया, जोकि पीएचडी स्कॉलर अर्थ साइंस विभाग में थी और उरई की रहने वाली थी, उसने भी पंखे से लटक कर जान दे दी थी.

**पिछले साल कितने छात्रों ने किया सुसाइड?**

वहीं अब तक पिछले 2 साल 1 महीने के अंदर कानपुर आईआईटी में नौ छात्रों ने सुसाइड किया, जिनमें से 8 ने पंखे से लटक कर जान दी है. 10 जनवरी 2025 को विकास मीणा, जोकि एयरोस्पेस डिपार्टमेंट से एम टेक छात्र थे और मेरठ के रहने वाले थे. उन्होंने भी पंखे से लटक कर जान दे दी थी. 10 फरवरी 2025 अंकित यादव ने सुसाइड कर लिया था, नोएडा के रहने वाले थे और पीएचडी करने के लिए केमिस्ट्री विभाग से जुड़े थे. 25 अगस्त 2025 महाराष्ट्र निवासी दीपक चौधरी जो कि सॉफ्टवेयर डेवलपर थे. उन्होंने आईआईटी के पास स्थित एक मोहल्ले में फ्लैट के पंखे से लटक कर सुसाइड कर लिया था. 1 अक्टूबर 2025 इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग छात्र धीरज सैनी ने हॉस्टल के कमरे में पंखे से सुसाइड कर लिया था.वहीं, 25 दिसंबर 2025 को राजस्थान के अजमेर के रहने वाले जयसिंह मीणा जोकि आईआईटी में बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग के लास्ट ईयर के छात्र थे. उन्होंने पंखे से लटक कर जान दे दी थी. 20 जनवरी 2026 मूल रूप से राजस्थान के चुरू जिले के रहने वाले 28 वर्षीय रामस्वरूप जोकि डिपार्टमेंट ऑफ अर्थ साइंस से पीएचडी कर रहे थे इन्होंने बिल्डिंग की छठवीं मंजिल से कूद कर जान दे दी थी.

## संक्षिप्त ख़बरें

### ईरान के पीड़ित बच्चों के लिए 15 लाख में बेचा प्लॉट, अब BJP नेता ने कर दी बड़ी मांग



**मेरठः** जिले के जानीखुर्द क्षेत्र में रसूलपुर धौलड़ी गांव के तीन भाइयों द्वारा ईरान में हमलों के शिकार हुए बच्चों के परिवारों की मदद के लिए अपनी जमीन दान किये जाने का मामला सामने आया है। भारतीय जनता पार्टी की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता अंकित चौधरी ने इस मामले पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है एवं इसकी जांच की मांग की है। रसूलपुर धौलड़ी गांव के अमान मुस्तफा ने बृहस्पतिवार को बताया कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान में किये गये हमलों में करीब 300 बच्चों की मौत की खबर से वह और उनका परिवार आहत है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने उन्हें, उनके बड़े भाई यासिर मुस्तफा और छोटे भाई सुबर मुस्तफा को गहराई से प्रभावित किया। मुस्तफा ने बताया कि जरूरतमंदों की मदद करने के उद्देश्य से तीनों भाइयों ने करीब 15 लाख रुपए मूल्य के 125 गज के अपने भूखंड को दान करने का निर्णय लिया। मुस्तफा के मुताबिक इसके लिए उन्होंने अंजुमन हुसैनिया संस्था से संपर्क किया और बुधवार को संस्था के पदाधिकारियों को भूखंड के कागजात सौंप दिए। अंजुमन हुसैनिया के अध्यक्ष तनवीर हैदर ने इस पहल के लिए तीनों भाइयों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस भूखंड को बेचने से मिलने वाली धनराशि संस्था के माध्यम से ईरान में प्रभावित परिवारों तक पहुंचाई जाएगी। इस घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में लोगों ने तीनों भाइयों की सराहना की और इसे इंसानियत की मिसाल बताया। हालांकि भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अंकित चौधरी ने इस मामले पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा एवं इसकी जांच की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से तीनों भाइयों की संपत्ति की जांच कराने और यह सुनिश्चित करने की मांग की कि धन का उपयोग नियमों के अनुरूप हो।

## हिंदू विरोधी नीतियां, हिंसा और भ्रष्टाचार... ममता सरकार के खिलाफ बीजेपी के 'ब्लैक पेपर' में क्या-क्या?

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव-2026 का सियासी तापमान पहले से ही चरम पर है. बीजेपी और टीएमसी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज है. अब बीजेपी ने 28 मार्च को कोलकाता में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा ममता सरकार के खिलाफ ब्लैक पेपर यानी चार्जशीट जारी करने की योजना बनाई है. इसके साथ ही अप्रैल में पार्टी अपना घोषणापत्र भी पेश करेगी. बीजेपी के ब्लैक पेपर में राज्य सरकार की नाकामियों, भ्रष्टाचार, अपराध और राजनीतिक हिंसा पर जोर दिया जाएगा. पार्टी का दावा है कि टीएमसी सरकार हिंदू विरोधी नीतियों को बढ़ावा दे रही है और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है. इसके अलावा बीजेपी ने दावा किया है कि उनके कार्यकर्ताओं की सुरक्षा नहीं की गई और कई बार उन पर हमले हुए हैं. टीएमसी ने बीजेपी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि केंद्र और बीजेपी चुनाव प्रक्रिया में दखल दे रही है.

**बीजेपी के पक्ष में काम कर रहा चुनाव आयोग- टीएमसी**

पार्टी का दावा है कि चुनाव आयोग बीजेपी के पक्ष में काम कर रहा है. इसके साथ ही टीएमसी ने आरोप लगाया है कि बीजेपी बाहरी मतदाताओं को राज्य में लाकर चुनाव प्रभावित करने की कोशिश कर रही है. भारतीय जनता पार्टी के हमलों और टीएमसी के आरोपों के बीच आइए जानते हैं कि बीजेपी के ब्लैक-पेपर में क्या-क्या होगा. बीजेपी के ब्लैक पेपर में प्रशासनिक विफलताएं, भ्रष्टाचार, अपराध और हिंसा, हिंदू विरोधी नीतियां, चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन, बेरोजगारी और सामाजिक नाकामियां होंगी. इसमें नंदीग्राम और अन्य हिंसक घटनाओं का हवाला देते हुए टीएमसी की छवि को भ्रष्ट और असफल दिखाने की रणनीति अपनाई जाएगी. 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में बीजेपी और टीएमसी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहेगा.

**टीएमसी का इन मुद्दों पर जोर**

बीजेपी ब्लैक पेपर और घोषणापत्र के जरिए सियासी माहौल को तेज करने की तैयारी में है. जबकि टीएमसी अपनी विकास-आधारित नीतियों और चुनावी निष्पक्षता के मुद्दों को जोर दे रही है. चुनावी लड़ाई अब केवल वोटों की नहीं, बल्कि राजनीतिक छवि और रणनीति की भी है.

**टीएमसी जारी कर चुकी है घोषणापत्र**

टीएमसी अपना चुनावी घोषणापत्र जारी कर चुकी है. अब बीजेपी की बारी है, जो कि 'ब्लैक पेपर' के बाद जारी किया जाएगा. ब्लैक पेपर को बीजेपी घर-घर तक पहुंचाएगी. नेता और कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को ये सौंपेंगे. इसमें सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में कटौती का मुद्दा भी उठाया जा सकता है.

## असम में 'एकला चलो' की राह पर ममता तृणमूल कांग्रेस 22 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



टीएमसी पश्चिम बंगाल के साथ-साथ असम में भी चुनाव लड़ेगी. ममता बनर्जी की पार्टी ने पूर्वोत्तर राज्य में 'एकला चलो' नीति पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है. पहले पार्टी ने 51 सीटों पर चुनाव लड़ने का विचार किया था. मगर अब पता चला है कि टीएमसी कुल 22 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. पार्टी ने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है. तृणमूल ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि वे असम चुनाव में विपक्षी गठबंधन में नहीं होंगे. टीएमसी को भरोसा है कि वह एकजुट होकर असम में विपक्ष की भूमिका अदा कर सकती है. टीएमसी ने असम में दो फेज में उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की. पहली लिस्ट में 17 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी जबकि दूसरी लिस्ट में टीएमसी ने सात उम्मीदवार उतारे थे. साथ ही डुलू अहमद की उम्मीदवारी वापस ले ली थी. इससे उम्मीदवारों की कुल संख्या 23 हो गई. वहीं, मारियानी के उम्मीदवार ने उम्मीदवारी वापस ले लिया. इसके बाद अब टोटल उम्मीदवारों की संख्या 22 है.

**भाजपा छोड़ने वाले को मौका नहीं**

तृणमूल ने भाजपा छोड़ने वाले नेताओं को उम्मीदवार चयन में शामिल न करके बागी दलों को मौका दिया है, जिसके भविष्य में दल-बदल का खतरा न हो. तृणमूल का आरोप है कि वे राज्य में कांग्रेस-भाजपा की असमंजस की स्थिति में एक वैकल्पिक शक्ति के रूप में उभरना चाहते हैं. सांसद सुष्मिता देव ने कहा कि पार्टी एक निश्चित लक्ष्य के साथ चुनाव में उतर रही है. परिणाम चाहे जो भी हो. बता दें कि टीएमसी ने वरिष्ठ नेता दुलू अहमद को असम से उम्मीदवार बनाया है. वे चमारिया निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे. इसके अलावा, तृणमूल टिकट पर चुनाव लड़ने वाले अन्य उम्मीदवारों में शामिल हैं:

कोकराझार - उदंगश्री नरजारी
बिलासिपारा- मोमिनुर इस्लाम
अभयपुरी - कौशिक रंजन दास
बाजली- कल्याणी कलिता
गोरेश्वर - राजन चौहान
मंगलदाई- हरे कृष्ण डेका
कटिग्रा - फजीउर रहमान लस्कर
सोनाई- शाहजहां लश्कर

**असम में 9 अप्रैल को मतदान**

असम में मतदान 9 अप्रैल को होगा. पूर्वोत्तर राज्य में एक ही चरण में मतदान होगा. विधानसभा की कुल सीटें 126 हैं. इनमें से तृणमूल कांग्रेस 22 सीटों पर चुनाव लड़ रही है. असम चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित होंगे.

## CBI का बड़ा एक्शन... रांची में चीफ कमर्शियल इंस्पेक्टर को 50,000 रिश्वत लेते पकड़ा, श्रेया सिंह को बनाया नया सीनियर DCM

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




सीबीआई ने रांची में दक्षिण पूर्वी रेलवे के एक चीफ कमर्शियल इंस्पेक्टर (सीसीआई) को गिरफ्तार किया है. आरोप है कि उसने एक मामले में शिकायतकर्ता से 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी. पकड़े जाने पर उसने ये बात स्वीकार भी की है. उधर, रेल प्रशासन ने रांची डिवीजन की सीनियर डीसीएम शुची सिंह को हटाकर डीसीएम श्रेया सिंह को इस पद की जिम्मेदारी दी है. केंद्रीय एजेंसी की ओर से जारी बयान के मुताबिक, चीफ कमर्शियल इंस्पेक्टर हिमांशु शेखर पर शिकायतकर्ता से 8.7 लाख रुपये के बिल को मंजूरी देने के एवज में उक्त राशि का 10 प्रतिशत बतौर रिश्वत मांगने का आरोप है. इस मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर ली है.

**सीबीआई ने और क्या कहा?**

सीबीआई ने बताया कि जाल बिछाकर की गई कार्रवाई में आरोपी को शिकायतकर्ता से पहली किस्त के रूप में 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया. आरोपी के कार्यालय और आवासीय परिसर में तलाशी ली गई. मामले की जांच जारी है. इस पूरे मामले में RAILWHISPERS की ओर से कहा गया कि रांची डिवीजन की मनबढ़ी सीनियर डीसीएम शुची सिंह को तुरंत पद से हटाकर रेल प्रशासन ने बहुत अच्छा काम किया. नया सीनियर डीसीएम श्रेया सिंह को बनाया गया हैं. बताते हैं कि चीफ कमर्शियल इंस्पेक्टर हिमांशु शेखर के 50 हजार के रिश्वत कांड में शुची सिंह का भी नाम आया है! सीबीआई ने ने शेखर को रंगेहाथ पकड़ा है.

**क्या है पूरा मामला?**

बताया जा रहा है कि ठेकेदार अजय त्यागी ने अपनी शिकायत में कहा था कि डीसीएम ऑफिस में वो किराए पर अपने वाहन देते हैं. इसके एवज में उन्हें डीसीएम ऑफिस से 8.70 लाख रुपये का भुगतान लेना है. इस पेमेंट के एवज में उनसे कुल राशि का 10 फीसदी रिश्वत के तौर पर मांगा जा रहा है. त्यागी की शिकायत पर एजेंसी ने जांच शुरू की और आरोप सही पाए. इसके बाद हिमांशु को रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ लिया.

## एशिया में बड़ी जंग की तैयारी में चीन! बीच समुंदर में बनाया मिट्टी और कंक्रीट का कृत्रिम द्वीप, यहां सैनिक तैनात किए

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

जब पूरी दुनिया का ध्यान मध्य पूर्व की जंग में है, उसी बीच चीन कुछ ऐसा करने में जुटा है. जो एशिया में उसे एक बड़ी ताकत बना देगा है. चीन लंबे समय से पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना अधिकार जताता है, अब इसे कंट्रोल करने के लिए उसने एक बड़ी तैयारी कर ली है. सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि चीन एंटेलोप रीफ पर बहुत तेजी से एक आइलैंड बना रहा है. जानकारों का कहना है कि इस कदम से दक्षिण चीन सागर में चीन की ताकत और मजबूत हो सकती है. बीजिंग दक्षिण चीन सागर के ज्यादातर हिस्से पर अपना अधिकार जताता है. इस रास्ते से हर साल दुनिया का पांचवा हिस्सा समुद्री व्यापार होता है. इस वजह से चीन का अपने कई पड़ोसी देशों के साथ विवाद बना रहता है, क्योंकि उनके दावे भी इस इलाके पर एक-दूसरे से टकराते हैं.वियतनाम के पास बन रहा चीनी द्वीप बता दें, 1974 में चीनी सेनाओं ने उस समय के दक्षिण वियतनाम से पैरासेल द्वीपों पर कब्ज़ा कर लिया था. तब से बीजिंग ने इस द्वीप समूह में 20 चौकियां बना ली हैं, जिनमें से कुछ पर सेना तैनात है. यह ताजा काम एंटेलोप रीफ पर केंद्रित है, यह पैरासेल द्वीप समूह के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में पानी के नीचे बनी एक कोरल (मूंगा) संरचना है. यह वियतनाम के शहर ह्यू से लगभग 250 मील पूरब में और चीन के हैनान प्रांत से 175 मील दक्षिण-पूर्व में स्थित है.

**सैटेलाइट तस्वीरों में चौकाने वाले खुलासे**

वंटोर की सैटेलाइट तस्वीरों के विश्लेषण के मुताबिक अब तक लगभग 1490 एकड़ ज़मीन बनाई जा चुकी है. इसमें से ज़्यादातर जमीन अक्टूबर के बाद बनाई गई है, जब इस काम का नया चरण शुरू हुआ था. यह आकार में दक्षिण चीन सागर में चीन के सबसे बड़े कृत्रिम द्वीप, मिसचीफ रीफ के बराबर है और पास के वुडी द्वीप के आकार का दो-तिहाई है. वॉशिंगटन D.C. के थिंक टैंक 'सेंटर फ़ॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज़' (CSIS) ने लिखा है कि एंटेलोप रीफ़ अब इतना बड़ा हो चुका है कि वह उन दोनों सैन्य ठिकानों पर मौजूद बुनियादी ढांचे को संभाल सके, जिसमें तटीय रक्षा प्रणालियां, ज़मीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध से जुड़ी सुविधाएं शामिल हैं.

